उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
Uttarakhand Subordinate Services Selection Commission

पत्रांक /Ref. No.: 228 **प्रेस विज्ञप्ति** दिनांक /Date.: 8/6/22

विषय : पुलिस विभाग में आरक्षी पद पर शारीरिक नापजोख एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा के प्रवेश पत्र जारी किए जाने के संबंध में

आयोग द्वारा पुलिस आरक्षी पीएसी व आई.आर.बी के आरक्षी तथा फायरमैन कुल 1521 पदों का विज्ञापन संख्या 42/ उ० अ० से० च० आ०/2021 जारी किया गया था |

इन पदों पर शारीरिक नापजोख एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा दिनांक 15 मई 2022 से प्रारंभ होगी| जिला उत्तरकाशी रुद्रप्रयाग एवं चमोली में चार धाम यात्रा से संबंधित पुलिस विभाग की व्यस्तताओं के कारण परीक्षा 15 जून 2022 से प्रारंभ किया जाना प्रस्तावित है |

अन्य सभी 10 जिलों में यथा देहरादून हरिद्वार टिहरी उधम सिंह नगर पौड़ी गढ़वाल, नैनीताल, अल्मोड़ा, बागेश्वर, पिथौरागढ़ एवं चंपावत में शारीरिक नापजोख एवं शारीरिक दक्षता दिनांक 15 मई 2022 से होगी| इन 10 जिलों के सभी अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र आज दिनांक 8 मई 2022 से आयोग की वेबसाइट पर प्रकाशित किये गए हैं | यह परीक्षा देहरादून में पुलिस लाइन रेसकोर्स, एस. डी. आर. एफ. मुख्यालय जौली ग्रांट देहरादून तथा आईआरबी द्वितीय ईस्ट होप टाउन झाझरा सुद्दोवाला में होंगे | हरिद्वार में भी 3 स्थान पुलिस लाइन रोशनाबाद ,40 वी वाहिनी पीएसी , तथा परेड ग्राउंड ATC ,BHEL में होंगे | उधम सिंह नगर में भी 3 स्थान पुलिस लाइन रुद्रपुर, 46वी वाहिनी PAC तथा 31वी वाहिनी पीएसी रुद्रपुर में होगी | नैनीताल जिले में यह 2 स्थानों पर मिनी स्टेडियम नियर बस स्टैंड हल्द्वानी तथा आईआरबी प्रथम बैलपड़ाव में होगी | अन्य सभी जिलों में यह एक स्थान पर होगी|

प्रत्येक परीक्षण केंद्र में 400 अभ्यर्थी प्रतिदिन की संख्या में शारीरिक नापजोख एवं शारीरिक दक्षता परीक्षण होंगे | चम्पावत जिले में उप निर्वाचन की

Scanned By KagazScanner

प्रक्रियाओं के कारण दिनांक 29/5 /2022 से 31 /5 /2022 तथा 3/6 /2022 को 4 दिन यह परीक्षण नहीं होगा |

सभी अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षण में फोटोयुक्त पहचान पत्र ,अपना प्रवेश पत्र, 2 फोटोग्राफ तथा इस परीक्षण में आयु सीमा व नापजोख में छूट सम्बन्धी जाति प्रमाण पत्र ,होमगॉर्ड्स सेवा का प्रमाण पत्र तथा पर्वतीय क्षेत्र से संबंधित प्रमाण पत्र दिखाना अनिवार्य होगा तथा उसी के आधार पर उनको आयुसीमा में छूट तथा शारीरिक नापजोख में छूट अनुमन्य होगी |

यह भी स्पष्ट करना है कि नापजोख में अनर्ह हो जाने या शारीरिक दक्षता की किसी भी स्पर्धा में अनर्ह घोषित होने पर अभ्यर्थी अनर्ह घोषित हो जायेंगे तथा उन्हें इस आशय के प्रपत्र पर हस्ताक्षर करना होगा | अर्ह अभ्यर्थियों को ही लिखित परीक्षा में प्रतिभाग का अवसर मिलेगा |

अभ्यर्थियों के लिए रिपोर्टिंग का समय 7 :30 प्रातः है व समय पर रिपोर्टिंग आवश्यक है, अभ्यर्थी अपने साथ पानी ,कुछ जलपान आदि साथ लेकर अवश्य लायें जिससे उन्हें परीक्षा के दिन कठिनाई न हो |

8/6/22

(संतोष बडोनी)

सचिव

Scanned By KagazScanner